फायर एन.ओ.सी. नहीं मिलने पर गुरूकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सीज किया

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार दोपहर अचानक निरीक्षण करने के बाद सख्त एक्शन लिया

जयपुर (कासं)। दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से 3 स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर ग्रेटर नगर निगम एक्शन मोड में आ गया। मंगलवार को ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने पार्षद शेर सिंह धाकड़ और निगम अधिकारियों के साथ अचानक गोपालपुरा बाइपास स्थित कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने पहुंची। यहां फायर एनओसी नहीं मिलने के कारण गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया।

मेयर दोपहर 2 बजे सबसे पहले गोपालपुरा बाइपास स्थित गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर पहुंची। यहां उन्होंने मैनेजमेंट से फायर एनओसी दिखाने और बिल्डिंग में लगे फायर उपकरण दिखाने करवाने के निर्देश दिए। मौके पर फायर एनओसी नहीं होने पर उन्होंने मानसरोवर जोन उपायुक्त और फायर उपायुक्त को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद शाम करीब 4 बजे कोचिंग पर ताला लगा दिया गया। मेयर ने कोचिंग सेंटर में संचालित क्लास रूम का भी दौरा किया। यहां मेयर क्लास में मौजूद बच्चों से मिलीं। बच्चों से बातचीत में मेयर ने कहा, वे जिस कोचिंग सेंटर में एडमिशन लें, वहां पहले ये देखकर सुनिश्चित करें कि वहां फायर फाइटिंग सिस्टम लगे हैं या नहीं? उस कोचिंग संस्थान के पास फायर एनओसी है या नहीं?

मेयर ने बच्चों की क्लास लेते हुए नगर निगम की ओर से बनाए नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली की घटना का जिक्र करते हुए बच्चों से कहा- अगर उन्हें लगता है कि उनके कोचिंग सेंटर पर उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा है तो उसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन को दें। अगर कोचिंग सेंटर के बेसमेंट या किसी कमरे में फायर फाइटिंग सिस्टम न दिखें तो उसकी भी शिकायत आप नगर निगम में कर सकते हैं। इसके बाद मेयर सौम्या गुर्जर कलाम कोचिंग सेंटर पहुंचीं। सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है। मेयर सौम्या गुर्जर ने बताया कि शहर में ग्रेटर एरिया में संचालित तमाम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एनओसी, फायर फाइटिंग सिस्टम का सर्वे और निरीक्षण करने के लिए हमने मुख्यालय स्तर पर कमेटी बनाई है। इसमें नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के उपायुक्त, फायर उपायुक्त, जोन उपायुक्त के अलावा तीन तकनीकी टीम के अधिकारी शामिल किए हैं। ये टीम जल्द शहर का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। कोचिंग संस्थाओं को नोटिस जारी करेगी। सूत्रों की मानें तो नगर निगम ग्रेटर एरिया में गोपालपुरा बाइपास, टोंक फाटक, प्रताप नगर, मालवीय नगर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, सोडाला, गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर समेत तमाम एरिया में 150 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स संचालित है। इनमें से 95 फीसदी से ज्यादा के यहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। न ही इनमें से किसी ने फायर एनओसी ले रखी है।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गोपालपुरा बाइपास स्थित गुरूकृपा व कलाम कोचिंग सेंटर का औचक निरीक्षण करने के बाद दोनों संस्थानों को सीज किया।

- दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से 3 स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर नगर निगम हरकत में आया

मानसरोवर जोन उपायुक्त सीता वर्मा ने बताया कि गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर फायर एनओसी नहीं होने और यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सील की कार्रवाई की है।

जबकि कलाम कोचिंग सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है। बता दें कि तीन दिन पहले दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तेज बारिश के बाद पानी भर गया था। इस दौरान यहां आईएएस की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स की क्लास चल रही थी। पानी भरने के बाद यहां कैसे-तैसे करके बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उस दौरान वहां तीन स्टूडेंटस की डूबने से मौत हो गई थी।

'बी.एस.एन.एल.से जुड़े अन्य निजी कंपनियों के ग्राहक'

जयपुर । दूरसंचार के क्षेत्र में बढ़ते प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल ने अपने अथक प्रयास कर उपभोक्ताओं की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। इस सम्बन्ध में बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि अभी हाल ही में अन्य प्राइवेट ऑपरेटर्स द्वारा टैरिफ में की गयी बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण उपभोक्ताओं का रुझान बीएसएनएल की विश्वसनीय एवं किफायती सेवाओं की ओर यकायक बढ़ा है, इसके लिए हमारे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिन रात एककर कड़ी मेहनत करके अधिकाधिक उपभोक्ताओं को बीएसएनएल सेवा से जोड़ा है, ये हमारे लिए बड़े गर्व व खुशी की बात है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान परिमंडल में अभी जुलाई 2024 तक टोटल सिम सेल 3.2 लाख हुई है, जो बहुत ज़बरदस्त है इसी प्रकार जुलाई 2024 तक दूसरे ऑपरेटर से बीएसएनएल में पोर्ट इन होने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1.25 लाख है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। मैं अपने सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं का स्वागत करता हूँ। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 4जी सेवा प्रदान कर रहा है, इसके लिए 501 बीटीएस टावर लग चुके हैं भविष्य में इनकी संख्या बढाकर अधिकाधिक क्षेत्रों को 4जी सेवा से जोड़ा जायेगा। बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को 2जी एवं 3जी सिम के स्थान पर 4जी सिम बिलकुल फ्री दे रहा है।

तीन अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

250 किलो गांजे के साथ 2.19 लाख रुपये जब्त किए पुलिस ने

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत वैशाली नगर व करधनी इलाके में कार्रवाई करते हुए गांजा की तस्करी करने वाले तीन अंतरराज्यीय तस्करों को पकडा है। जिसमें महिला तस्कर भी शामिल है। पुलिस टीम ने उनके पास से 2 क्विंटल 50 किलो 505 ग्राम अवैध गांजा, ऑटो एवं 2 लाख 19 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार जब्त किए अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

- जब्त किए अवैध गांजे की कीमत 70 लाख रुपये है
- आरोपी कूच बिहार पश्चिम बंगाल से बस के जरिए जयपुर में गांजा लाते थे

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गांजा की तस्करी करने वाले बाल किशन (55) निवासी शांति नगर सदर जयपुर, इन्द्रजीत मण्डल (36) निवासी नानूर जिला वीरभूमि पश्चिम बंगाल हाल सोडाला जयपुर और महिला तस्कर ममता जांगिड़ (40) निवासी खेतड़ी जिला नीमकाथाना हाल करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने उनके पास से 2 क्विंटल 50 किलो 505 ग्राम अवैध गांजा,परिवहन में प्रयुक्त वाहन ऑटो एवं विक्रय राशि 2 लाख 19 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गांजे की अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये है। आरोपित बालकिशन से पूछताछ में सामने आया कि इन्द्रजीत मण्डल ने उसे निवारु में तीन कट्टे गांजे के भरे हुये दिये थे। जिनको लेकर वह श्याम नगर संजीवनी हॉस्पिटल पहुंचकर एक आदमी को देना था।

यह मादक पदार्थ को उसे ऑटो में डालकर इन्द्रजीत मण्डल द्वारा बताये गये व्यक्ति को सुपुर्द करने जा रहा था। आरोपित बालकिशन को इस काम के लिए प्रति चक्कर 1500 से 2000 रुपये देना तय था। आरोपित ऑटो में कोई भी सवारी नहीं बैठाता और ऑटो को चारों तरफ पर्दे से पैक रखता था। आरोपित ऑटो से एक से दो किलोमीटर आगे तस्कर गैंग का कोई भी सदस्य मोटर साइकिल या स्कूटी से रास्ते में पुलिस की मौजूदगी के बारे में बताता रहता था।

आरोपित ममता जांगिड़ ने बताया कि जीतू चौधरी ने निवारु रोड पर एक मकान किराये पर ले रखा है। जिसमें वह जीतू चौधरी की पत्नी के रूप में साथ रहती है। इन्द्रजीत मण्डल ने उसी मकान में मादक पदार्थ सप्लाई करने के लिये एक कमरे में रख रखा है। जब्त मादक पदार्थ गांजा जीतू चौधरी और अमित शील की बस जो कूच बिहार पश्चिम बंगाल से जयपुर आता है। यह बस में विशेष प्रकार की स्कीम के तहत लाया जाता है।

बस को निवारु स्थित मकान पर ही पार्क किया जाता है और मादक पदार्थ गांजा निकालकर मकान पर रख लेते है। मकान से गांजा अपने स्थायी ऑटो के द्वारा जयपुर शहर में जगह-जगह पर सप्लाई देते है। यह मादक पदार्थ गांजा के पैकेटों के संबंध में आस-पास के लोगों द्वारा जब पूछने पर बताया जाता है कि उनकी कूच बिहार पश्चिम बंगाल से जयपुर बस चलती है तो उसमें पार्सल भी आते है, जिनकी हम जयपुर शहर में डिलेवरी करते है।

मादक पदार्थ गांजा कूच बिहार निवासी अमित शील एवं आरती उर्फ पुनीबाला विश्वास जो किरायेदार से आनन्द नगर वैशाली नगर सिरसी रोड जयपुर में रहती है। वह दोनों मिलकर मादक पदार्थ गांजे का व्यापार करते है। दोनो कूच बिहार पश्चिम बंगाल से बस के द्वारा जयपुर सप्लाई करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

महिला ने अपने दूसरे पति को दी हनीट्रैप में फंसाने की धमकी

जयपुर । शिवदासपुरा थाना इलाके में एक महिला ने अपने दूसरे पति को हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी दी है। महिला ने पहले से शादीशुदा होने की बात छिपाकर दूसरे युवक से शादी की। शादी के बाद पहले पति के साथ मिलकर उसे हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। इस संबंध में थाने में पीड़ित ने अपनी पत्नी और उसके पहले पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि करौली निवासी एक युवक ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि साल-2021 में सांगानेर में रहकर वह कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। उस दौरान उसकी जान-पहचान पड़ोस में रहने वाली एक महिला से हुई। बातचीत के दौरान दोस्ती के बाद दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। महिला ने खुद को अविवाहित होना बताया और केवल लिव-इन में एक युवक के साथ रहना बताया। नवम्बर-2022 में मनमुटाव होने पर महिला ने शिवदासपुरा थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। दिसम्बर-2022 में दोनों में राजीनामा होने पर शादी करने का दबाव बनाया। आर्य समाज में शादी कर रजिस्टर्ड मैरिज के बाद दोनों साथ रहने लगे। आरोप है कि उसकी मौजूदगी और गैरमौजूदगी में लिव-इन पार्टनर घर आने-जाने लगा। इस बात पर पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। आरोप है कि महिला ने लिव-इन पार्टनर के साथ मिलकर उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर रुपयों की मांग करना शुरू कर दिया। दोनों हनीट्रेप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उसे टॉर्चर करने लगे। झगड़ा होने पर पार्टनर ने महिला पति होने का दावा किया।

चांदीपुरा वायरस को लेकर एडवाइजरी जारी

जयपुर। राज्य के डूंगरपुर जिले में चांदीपुरा वायरस का एक पॉजिटिव रोगी सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशभर में इस रोग को लेकर सावधानी बरतने एवं आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश में चांदीपुरा वायरस का रोगी सामने आने के बाद इस बीमारी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को एडवाइजरी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि डूंगरपुर जिले में एक रोगी सामने आने के बाद प्रदेशभर में इस रोग से बचाव एवं उपचार के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। साथ ही, गुजरात के सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में बीमारी के लक्षण, जांच, उपचार, बचाव एवं वेक्टर नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई है।

- सभी जिलों में आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश
- गुजरात के सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश
- पॉजिटिव केस की स्थिति में पालतू जानवरों के भी सैम्पल पशुपालन विभाग के माध्यम से संबंधित लैब में भिजवाए जाएंगे

साथ ही एडवाइजरी के अनुरूप प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गुजरात में इस रोग के मामले सामने आने पर पूर्व में भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि एडवाइजरी के अनुसार एक्यूट इंसिफेलाइटिस सिण्ड्रोम से ग्रसित रोगी सामने आने पर उसे तत्काल प्रभाव से निकटतम जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में रैफर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम एवं सीएचओ का इस रोग के संबंध में आमुखीकरण करने, संदिग्ध केस की स्थिति में हाउस-टू-हाउस सर्वे करवाए जाने, संदिग्ध या पॉजिटिव रोगी के आस-पास के घरों में बचाव एवं नियंत्रण गतिविधियां संचालित करने को कहा गया है।

डॉ. माथुर ने बताया कि सर्वे के दौरान कोई भी संदिग्ध रोगी सामने आने पर निकटतम मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी टीम के माध्यम से सैम्पल लेकर पुणे स्थित लैब में भेजने, पॉजिटिव केस की स्थिति में रोगी के सम्पर्क में आए लोगों के भी सैम्पल लेकर पुणे भेजने के निर्देश दिए गए हैं। पॉजिटिव केस की स्थिति में पालतू जानवरों के सैम्पल पशुपालन विभाग के माध्यम से एकत्र कर संबंधित लैब में भिजवाए जाएंगे। कोई भी संदिग्ध केस सामने आने पर सभी चिकित्सा संस्थानों को इसकी जानकारी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय को तत्काल प्रभाव से देनी होगी। साथ ही इस रोग के केसों की दैनिक रिपोर्टिंग आईएचआईपी पोर्टल पर भी करनी होगी। रोग के संबंध में जागरूकता के लिए आवश्यक आईईसी गतिविधियां संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख का स्वागत

जयपुर । राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों पर समितियों की रिपोर्ट को परिक्षणाधीन बताते हुए 1 सितंबर 2024 से इन्हें लागू किए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक एवं प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राज्य के मंत्रालयिक कर्मचारियों की दूसरी पदोन्नित पर ग्रेड पे 4200 दिए जाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। पिछली सरकार में भी लगभग सहमति बन चुकी थी, लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण फिर आगे कार्रवाई नहीं हो पाई। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने अधिनस्थ मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी सचिवालय के समान पद, पदोन्नित के अवसर, पदोन्नित के पद एवं वेतनमान दिए जाने तथा अतिरिक्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी से ऊपर की पदों को राज्य सेवा में शामिल किए जाने की मांग की है।

प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना सम्मानित

जयपुर, (का.सं.)। मुंशी प्रेमचंद जी की 144 वीं जयंति के उपलक्ष में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं अभाकाम संस्था द्वारा "मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान - 2024" से लेखन व समीक्षा वर्ग में विशिष्ठ पुरस्कार से नवाजा गया। इंदिरा गाँधी पंचायत राज संस्थान, जयपुर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में कवि व साहित्यकार, प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को यह पुरस्कार दिया गया, जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर में होम्योपैथिक चिकित्सक व वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें पदाधिकारियों ने सम्मान स्वरूप उन्हें, शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर, श्री फल, प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न देकर शुभकामनाएं दी व उनके लेखन की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सासंद रविन्द्र किशोर सिन्हा रहे।

हिन्दवेयर होम पर 1.11 लाख रु. हर्जाना

जयपुर । जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने डिजाइन के अनुसार किचन में तय समय में फर्नीचर व एसेसरीज नहीं लगाने के मामले में मै. हिन्दवेयर होम रिटेल व ईवोव मेघा होम पर 1.11 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं किचन बनवाने में खर्च की गई राशि 1.50 लाख रुपए भी 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश अनोखी देवी के परिवाद पर दिए। परिवाद में बताया गया कि उसने अपने मकान की किचन बनवाने और उसमें फर्नीचर व एसेसरीज लगाने का काम विपक्षी को 1,40,314 रुपए में दिया था। यह काम तय डिजाइन के अनुसार 7 सप्ताह की अवधि में पूरी किया जाना था। इसके बावजूद तय अवधि में डिजाइन के अनुसार किचन का काम ही पूरा नहीं हुआ। वहीं जो भी काम किया उसमें भी कई तरह की गलतियां थीं। किचन का फर्नीचर ठीक नहीं था और ट्रे सही नहीं खुल रही थी। इसके अलावा गेट भी सही तरीके से बंद नहीं हो रहे थे। एसेसरीज की इंस्टालेशन भी ठीक ढंग से नहीं थी और फिटिंग ढीली होकर कई जगह से खुल गई थी। ऐसे में विपक्षी की ओर से किचन तैयार करने में लापरवाही व सेवादोष किया है। जबकि उसने अपनी पुरानी किचन को तुडवाकर उसकी जगह नई किचन का काम विपक्षी की देखरेख में करवाने के लिए उसे राशि दी थी। इसलिए उसे किचन बनवाने पर खर्च की गई राशि हर्जा-खर्चा सहित दिलवाई जाए।

'कांग्रेस ने शिक्षा का बंटाधार किया'

जयपुर, (वि.सं.)। विधानसभा में बीजेपी विधायक पब्बाराम बिश्नोई के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस ने शिक्षा का बंटाधार कर दिया। स्कूलों के क्लासेज के कमरों को देखा नहीं। छत से पानी टपकता रहा, बच्चे परेशान होते रहे, लेकिन कुछ नहीं किया। बीजेपी विधायक ने सरकारी स्कूलों में क्लास रूम से जुड़े सवाल के जवाब पर कहा कि अफसरों ने गलत जवाब दिया है। फलोदी के स्कूलों में क्लास रूम बनाने के काम का जो स्टेटस बताया है, वो गलत है। मेरे इलाके के साथ कांग्रेस राज में भेदभाव हुआ, अब सरकार इसकी क्षतिपूर्ति करेगी क्या? इस पर दिलावर ने कहा कि फलोदी क्षेत्र के साथ कांग्रेस राज में ज्यादती हुई है। तीन महीने में ही हमारी सरकार ने साढ़े चार करोड़ रुपए का बजट दिया है। अबकी बार इनके क्षेत्र में जो बजट जायेगा, उसें एक लाख रुपये ज्यादा दिये जाएंगे।

स्पेन से जयपुर आई महिला से छेड़छाड़ करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

जयपुर । स्पेन से जयपुर घूमने आई विदेशी महिला से आमेर महल में छेड़छाड़ करने वाले तीन युवकों को आमेर थाना पुलिस ने पकड लिया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत आमेर महल अधीक्षक को दी। अधीक्षक की सूचना पर आमेर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल करते हुए तीनों युवकों को पकड़ा है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर थाना इलाके में आमेर महल में मूलत: अर्जेंटीना हाल स्पेन निवासी महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अयूब, मोहम्मद दाऊद और मुबारक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। तीनों ही आरोपित राजगढ़ जिला चूरू के रहने वाले है। एसआई जितेंद्र ने बताया कि अर्जेटीना हाल स्पेन निवासी महिला अपने पति के साथ जयपुर घूमने आई थी। 28 जुलाई को वह अपने पति के साथ आमेर महल देखने गई थी। आमेर महल में बनी सुरंग को देखने के दौरान वहां पर मौजूद तीन मनचलों ने महिला से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद पीड़िता ने इसकी लिखित में शिकायत आमेर महल अधीक्षक को की।

- आरोपियों ने आमेर महल में बनी सुरंग को देखने के दौरान महिला से छेड़छाड़ की थी
- आमेर महल अधीक्षक की सूचना पर आमेर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

अधीक्षक ने मामले की जानकारी आमेर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों युवकों को पकड़ा है।

मंत्री ने कहा, "धीरे-धीरे रे मना, धीरे सबकुछ होय"

जयपुर, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरा पशुपालकों के सवाल पर पूरक प्रश्न पूछते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सीएम ने छोटे गोवंश के लिए 2 रुपए और बड़े गोवंश के लिए चारे में 4 रुपए बढ़ाने की घोषणा की है। आप ही बता दीजिए, इस महंगाई के दौर में दो और चार रुपए से गायों के लिए एक दिन में कितना चारा आ जाएगा? इस पर गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सीएम ने गोशालाओं के गोवंश का 10 प्रतिशत अनुदान बढ़ाने की घोषणा की है। मंत्री ने दोहा सुनाते हुए कहा कि एक साथ कुछ नहीं होता है। धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय। आप धीरज रखिए सब हो जाएगा।

'विधायक को सवाल वापस लेना है, तो लगाते क्यों है?'

जयपुर (विसं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायकों द्वारा सवाल लगाने के बाद उन्हें वापस लेने पर नाराजगी जताई। स्पीकर ने कहा कि जब विधायक को सवाल वापस लेना है, तो लगाते ही क्यों है। इस बार पक्ष विपक्ष के 7-8 विधायकों के सवाल वापस लेने के प्रस्ताव आए हैं। यह तरीका ठीक नहीं है। आगे से सवाल वापस लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की अधिकारी दीर्घा में अधिकारियों की उपस्थिति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। देवनानी ने अनुपस्थित अधिकारियों की सूची मांगी और कहा कि प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान जिस विभाग से संबंधित प्रश्न लग रहे हो, ध्यानाकर्षण, स्थगन, पर्ची और विशेष उल्लेख के प्रस्ताव जिस विभाग से संबंधित हो, उस विभाग के अधिकारियों का अधिकारी दीर्घा में उपस्थित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी मौजूद नहीं होंगे तो राज्य सरकार से ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही किये जाने के लिए कहा जायेगा।

- सदन में प्रश्न लगाकर वापस लेने वाले विधायकों को स्पीकर की फटकार

गहलोत सरकार का 'गांधी वाटिका न्यास' बंद किया

- जयपुर के सेंट्रल पार्क में बने गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन के लिए बनाया गया था ट्रस्ट
- मंत्री सुमित गोदारा ने सदन में कहा, "ट्रस्ट की आज तक एक बैठक नहीं हुई, संपत्ति खुर्द-बुर्द, गिरवी रखने और बेचने का अधिकार ट्रस्ट को दे दिया गया था।"

जयपुर (विसं)। राजधानी जयपुर के सेंट्रल पार्क में बने गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन के लिए पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार द्वारा बनाए गया गांधी वाटिका न्यास (ट्रस्ट) समाप्त हो गया है। राज्य विधानसभा में मंगलवार को गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित हो गया है।

सदन में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि न्यास में सरकार ने उपाध्यक्ष को असमिति शक्तियां दे दी थीं। जिसमें अगर अध्यक्ष भी किसी को हटाना चाहेगा तो उसे उपाध्यक्ष से चर्चा करनी होगी। वहीं संपत्ति को खुर्द-बुर्द, गिरवी रखने और बेचने का अधिकार ट्रस्ट को दे दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 3 अक्टूबर 2023 को न्यास बनाया, लेकिन इसने एक भी बैठक आयोजित नहीं की। आप चलाते ट्रस्ट को और गांधी के विचारों का प्रचार करते। यह 85 करोड़ रु. की लागत से बनाया गया, आज तक इसका संचालन जयपुर विकास प्राधिकरण ही कर रहा है। आज तक जनता के लिए इस ट्रस्ट को नहीं खोला गया। हम गांधी दर्शन संग्रहालय का संचालन करेंगे। इसके लिए न्यास की जरूरत नहीं है। इससे पहले गांधी वाटिका न्यास (निरसन) विधेयक पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि हमारी सरकार ने गांधी की विचारधारा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इस ट्रस्ट की स्थापना की थी। इस सरकार का यह पहला बिल आया है। वह भी गांधी वाटिका को निरस्त करने के लिए आया है। सरकार पहला बिल युवाओं, किसान और महिलाओं के लिए लाती तो अच्छा रहता। जूली ने कहा कि सरकार बताए कि वह गांधी के विचारों को चाहती है या फिर गोडसे के। अगर सरकार सही है तो फिर इस विधेयक को जनमत के लिए जनता के पास भेजा जाना चाहिए।

प्रदेशभर की जेलों में सर्च अभियान चलाया

जयपुर । दौसा की श्यालावास सेंट्रल जेल से एक कैदी द्वारा जयपुर कंट्रोल रूम में फोन कर मुख्यमंत्री भजनलाल को जान से मारने की धमकी देने की घटना के बाद मंगलवार को जेल प्रशासन ने प्रदेशभर की जेलों में सर्च अभियान चलाया है। सर्च अभियान के दौरान कई जेलों में आपत्तिजनक सामान व मोबाइल बरामद किए गए। सोमवार को प्रदेश की 15 जेलों में तलाशी ली गई थी। जेल मुख्यालय ने सभी जिला जेल अधीक्षकों को सर्च करने के आदेश दिए गए। जेल विभाग के पुलिस महानिदेशक राजेश निर्वाण का कहना है कि प्रदेश की जेलों की सुरक्षा के लिए उच्च स्तरीय जांच करवाई जा रही है। मोबाइल, सिम कार्ड, मादक पदार्थ सहित अन्य चीजें रोकने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएंगे। इसके लिए जेल विभाग नई एसओपी तैयार करेगा। बार-बार मिल रही शिकायतों वाली जगह पर स्टाफ बदलेंगे। प्रतिबंधित वस्तु जेल में जाने की सूचना पर समय-समय पर जिला प्रशासन, पुलिस और जेल अपने स्तर पर सर्च अभियान चलाते हैं। जोधपुर की हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान एक मोबाइल मिला। वार्ड संख्या 10 की बैरक संख्या 2 की छत पर एक मोबाइल मिला। जेल में सर्च ऑपरेशन के दौरान मोबाइल मिलने के बाद जेल प्रशासन की ओर से रातानाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया गया। अलवर जेल में आधा दर्जन थानेदार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने तलाशी ली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। इस जेल में 9 वार्ड हैं। इनमें 993 कैदी हैं। इनमें 25 महिला कैदी हैं। बाड़मेर जेल में भी तलाशी में कुछ नहीं मिला, लेकिन यहां क्षमता से अधिक कैदी मिले।

- दौसा की श्यालावास सेंट्रल जेल से एक कैदी द्वारा फोन कर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने की घटना के बाद जेल विभाग ने सभी जेलों में सर्च अभियान चलाने के निर्देश दिए। सर्च ऑपरेशन के दौरान कई जेलों में आपत्तिजनक सामान व मोबाइल बरामद किए गए।

जेल में मोबाइल पर जिला पुलिस भी करे सख्त एक्शन : डी.जी.पी.

जयपुर (कासं)। जेल से सीएम को मारने की दूसरी बार धमकी मिलने के बाद मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डीजीपी यूआर साहू ने सभी जिला एसपी को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। डीजीपी बोले समय-समय प्रभावी तरीके से जेलों में सर्च ऑपरेशन चलाए और उसके बाद जेल में अगर कहीं पर मोबाइल या अन्य आपत्तिजनक चीज मिलती हैं, तो उस मामले की तह तक जाकर जांच करें। मोबाइल कहां से आया और किसके लिए आया।

इसके साथ ही डीजीपी ने क्राइम ब्रांच को भी आदेश दिए है कि जेलों में मोबाइल मिलने के संबंध में दर्ज हो प्रकरणों की जांच को मुख्यालय स्तर मॉनिटर करेंगे। जेल या आस-पास से जनरेट हो रहे संदिग्ध नंबरो को तुरंत ब्लॉक करवाएं। उधर, दौसा की श्यालावास जेल से कंट्रोल रुम में कॉल करके सीएम को मारने की धमकी देने के मामले में पकड़े गए आरोपी दार्जलिंग निवासी निमा छिरिंग तांमाग उर्फ साजन व दौसा निवासी रिंकू पांचाल को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से दो दिन के लिए रिमांड पर भेज दिया। कॉल करने वाले आरोपी निमा से पूछताछ में सामने आया कि उसके जेल जाने के बाद उसकी पत्नी की मौत हो गई। ऐसे में उसकी मानसिक स्थिति सही नही थी। ऐसे में उसने जेल कर्मचारियों से अपनी सजा के बारे में कई बार पूछा तो सही जवाब नही दिया। ऐसे में उसने कंट्रोल रूम कॉल करके सीएम को मारने की धमकी दे दी। क्योंकि इससे पहले जब जयपुर जेल से सीएम को मारने की धमकी दी तो हड़कंप मच गया था।

- डीजीपी ने जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये
- सीएम को धमकी देने वाले दोनों आरोपी दो दिन के लिए रिमांड पर